## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (19.05.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE: 19.05.2025, PAGE-06

# वोकेशनल कोर्स के लिए आज से आवेदन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स के लिए सोमवार से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। बीआरएबीयू में पहली बार वोकेशनल कोर्स के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा पांच जून को होगी।

ऑनलाइन आवेदन छात्र बीआरएबीयू की वेबसाइट brabu.net पर करना होगा। वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर बना है, इसमें आवेदन का लिंक रहेगा। छात्र इस लिंक को खोलकर अपना अकाउंट बनाएंगे। अकाउंट बनाने के बाद छात्र आवेदन कर सकेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय साइट खोलने का उद्घाटन करेंगे। 30 मई तक छात्र आवेदन कर सकेंगे। तीन जून को एडमिट कार्ड जारी होगा। सीसीडीसी ने बताया कि वेबसाइट पर आवेदन करने की जानकारी हिंदी में दी गई है। इससे छात्रों को आवेदन करने में सुविधा होगी।

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 19.05.2025, PAGE-04**

# वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए आज से आनलाइन आवेदन

**600** रुपये होगा आवेदन शुल्क, अपने ही जिले के कालेज में मिलेगा मौका

**अगले महीने होगी प्रवेश परीक्षा इसका आयोजन विश्वविद्यालय स्तर से होगा, एक जुलाई से शुरू हो जाएंगी कक्षाएं**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्सों में नामांकन के लिए सोमवार से आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल से आनलाइन आवेदन कर पाएंगे। 30 मई तक विद्यार्थियों को आनलाइन आवेदन की सुविधा मिलेगी। छात्र-छात्राओं को आवेदन शुल्क के रूप में 600 रुपये देने होंगे। आवेदन के समय बारहवीं का अंकपत्र समेत अन्य दस्तावेज अपलोड करना होगा। विद्यार्थी अपने ही जिले के संस्थान में नामांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। अगर कोई छात्र पश्चिमी चंपारण का है तो वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए उसे अपने ही जिले के संस्थान का चयन करना होगा। इसके बाद पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी। इसका आयोजन विश्वविद्यालय के स्तर से होगा। परिणाम के आधार पर विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। इसी लिस्ट से कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जून तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। 30 जून तक सभी कालेजों को नामांकन की रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपनी होगी। प्रवेश परीक्षा में आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए सभी जिलों में कम से कम एक केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा से तीन दिन पहले एडमिट कार्ड जारी होगा। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। एक जुलाई से विभिन्न वोकेशनल कोर्स की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।